www.nagaurdaily.com

RNI Title-Code :- RAJBIL27027
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...



# गुजरात : केसरिया रंग के आगे सभी 'बेरंग'

## 157 सीट जीतकर भाजपा ने नया रिकॉर्ड बनाया



अहमदाबाद।

गुजरात में भाजपा ने 157 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के सीएम रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस ऐतिहासिक जीत के बाद 12 दिसंबर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में सीएम की शपथ होगी। दिलचस्प बात यह है चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने कहा था- नरेंद्र का रिकॉर्ड भूपेंद्र तोड़ेंगे। चुनाव नतीजों में बिलकुल यही नजर आ रहा है। भाजपा समर्थक जश्न मना रहे हैं। गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 157 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 61 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 16 सीटें ही मिली हैं। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है, यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अविरत चालू रखना है। यहां के लोगों ने एक बार फिर बीजेपी पर अटूट भरोसा दिखाया है। आम आदमी पार्टी गुजरात में महज 5 सीटें जीत सकी है। उसके तीनों बड़े नेता चुनाव हार गए हैं। इनमें मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल इटालिया और पाटीदार नेता अल्पेश कथीरिया शामिल हैं। इसके बावजूद वोट शेयर के आधार पर आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। अब पार्टी पूरे देश में अपने नाम और चुनाव चिह्न के साथ लड़ सकेगी।

## जनादेश को मोदी का नमन : कहा- परिवारवाद के खिलाफ जनआक्रोश लोकतंत्र के लिए शुभसंकेत, युवाओं ने साबित किया उन्हें विकास पसंद

गुजरात में भाजपा लगातार 7वीं बार सरकार बना रही है। इस जीत के बाद जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने दिल्ली के बीजेपी हेड ऑफिस में पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं, ये जनादेश अभिभूत करने वाला है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर आपके स्नेह का साक्षी है।

मैं गुजरात हिमाचल और दिल्ली की जनता का आभार जताता हूं। आपका प्यार उपचुनावों में भी दिखा। यूपी के रामपुर में भाजपा जीती है। बिहार के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का प्रदर्शन कर रहा है।

मोदी ने कहा कि चुनावों के दौरान मैंने गुजरात की जनता से कहा था, इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। मैंने वादा किया था कि भूपेंद्र नरेंद्र का



रिकॉर्ड तोड़े इसके लिए मैं जी जान से कोशिश करूंगा। जनता ने गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर नया इतिहास रच दिया है। ढाई दशक से लगातार सरकार में रहने के बावजूद ऐसा प्यार अभूतपूर्व है। लोगों ने जाति-वर्ग आदि विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया।

### सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव

## कांग्रेस के अनिल शर्मा की जीत

### 26 हजार 696 वोटों से भाजपा के पींचा को हराया

जयपुर।

चूरू जिले का सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस ने बड़े अंतर से जीत लिया है। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार अनिल शर्मा ने भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार पींचा को 26 हजार 696 वोटों से हराया है। वहीं, आरएलपी उम्मीदवार लालचंद मूंड तीसरे नंबर पर रहे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक रहे भंवरलाल शर्मा के निधन के कारण यहां उपचुनाव हुए हैं।

अनिल शर्मा को कुल 91 हजार 357 वोट मिले। जबकि, भाजपा के अशोक पींचा को 64 हजार 505 और आरएलपी के लालचंद मूंड को 46 हजार 753 वोट मिले। सरदारशहर के विधायक चुने गए अनिल शर्मा यहां के पूर्व विधायक भंवरलाल के बेटे हैं। उन्होंने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कांग्रेस ने उपचुनावों में जीत के अपने रिकॉर्ड को भी कायम रखा है। सरदारशहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा है। यहां से दूसरे नंबर पर रहे भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार पींचा को पार्टी ने साल



2013 और 2018 में भी उम्मीदवार बनाया था। दोनों चुनावों में भंवरलाल शर्मा ने पींचा को मात दी थी। इस बार उनके बेटे अनिल शर्मा ने उन्हें हराया है। पींचा साल 2008 में यहां से चुनाव जीते थे। यहां 5 दिसम्बर को 295 मतदान केन्द्रों पर 72.09 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां कांग्रेस के अनिल शर्मा, भाजपा के अशोक पींचा और आरएलपी के लालचंद मूंड के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि पहले सुबह 8 बजे पोस्टल बैलेट की गिनती आरओ के कमरे में शुरू हुई। इसके बाद ईवीएम मशीनों की गिनती सुबह करीब साढ़े 8 बजे शुरू कर दी गई। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक और एक माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद है। उन्होंने बताया कि आरओ के कमरे में 4 टेबल एक्सट्रा लगाई गई, जिन पर पोस्टल बैलेट और सर्विस वोटर की गणना की गई। शुरूआत में ही कांग्रेस ने बढत बनानी शुरू कर दी थी। आखिरी राउंड तक जीत का अंतर बढता ही चला गया। चुनाव में गत पांच दिसंबर को 72.35 प्रतिशत वोट डले थे। राज्य विधान सभा में सरदारशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचित भंवरलाल शर्मा की 9 अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण यहां उपचुनाव कराए गए है। उप चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और रालोपा के अलावा चुनावी रण में निर्दलीय उम्मीदवार विजय पाल सिंह श्योराण, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्ससिस्ट) के सांवरमल मेघवाल, इंडियन पीपल्स ग्रीन पार्टी के परमाना राम, निर्दलीय सुभाष चंद्र, निर्दलीय उमेश सहू, निर्दलीय प्रेमसिंह, निर्दलीय सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित भी अपनी किस्मत आजमा रहे थे।



## हिमाचल में पंजा पड़ा भारी

### कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार किया

नई दिल्ली।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है. कड़ाके की ठंड के बीच भी प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा हुआ नजर आ रहा है। हिमाचल प्रदेश की सिराज विधानसभा सीट पर जयराम ठाकुर ने बड़ी जीत दर्ज की है। ठाकुर ने 20 हजार से भी ज्यादा मतों से कांग्रेस के चेतराम को मात दी है। फिलहाल, बीजेपी ने 18 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है और 7 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस ने 39 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है और 1 सीट पर बढ़त बनाए हुए है। हिमाचल प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राजभवन से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। लोगों के विकास के लिए काम करना कभी बंद नहीं करेंगे। हमें चीजों का विश्लेषण करने की जरूरत है। कुछ मुद्दे ऐसे थे, जिन्होंने नतीजों की दिशा बदल दी। 12 नवंबर को राज्य की 68 सीटों पर करीब 66 फीसदी मतदान हुआ था। चुनाव में कुल 55,92,828 मतदाताओं में से 28,54,945 पुरुष, जबकि 27,37,845 महिलाएं और 38 थर्ड जेंडर के लोग शामिल हुए थे।

## सम्पादकीय

# आतंक के खिलाफ

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता के साथ ही भारत अब आतंकवाद के खिलाफ एक अहम मोर्चा लेने की तैयारी कर रहा है। यह जगजाहिर तथ्य है कि आतंकवाद ने भारत को कैसे दंश दिए हैं और इसके व्यापक जाल को तोड़ने में देश को कितनी ऊर्जा खर्च करनी पड़ी है। लेकिन यह अकेले भारत की समस्या नहीं है। अलग-अलग देशों में आतंकवाद ने कैसे कहर ढाए हैं और दुनिया में जानमाल की कितनी क्षति हुई है, यह सब तथ्य है। अपवादों को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी देश आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा मोर्चा खड़ा करने को लेकर सहमत दिखाई देते हैं। इसलिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अध्यक्षता करने के मौके को अगर इस अहम समस्या का सामना करने के रूप में देखा है, तो यह केवल अपने पक्ष में एक बेहतरीन कूटनीतिक पहल नहीं, बल्कि इसमें दुनिया के तमाम देशों को इस समस्या से राहत या फिर इससे आगे छुटकारा दिलाने की सदिच्छा भी दिखती है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस भूमिका में आने के बाद भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करना और बहुपक्षवाद में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करना हमारी प्राथमिकता होगी। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि पिछले कई दशकों से भारत जैसे विकासशील देश से लेकर अमेरिका जैसे सक्षम देश भी किसी न किसी रूप में आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं।

वह अमेरिका में 'वर्ल्ड ट्रेड टावर' और अन्य संस्थानों पर हमला हो या फिर भारत में मुंबई से लेकर पुलवामा आदि में हुई आतंकी वारदात, सबमें घटनाओं की प्रकृति भर अलग रही, लेकिन उन सबके पीछे एक मकसद साफ दिखता रहा कि व्यापक हिंसा फैला कर और जानमाल का नुकसान पहुंचा कर दुनिया में आतंक के जरिए भयादोहन से अपने अमानवीय एजंडे को पूरा करना है। लेकिन भारत सहित अन्य देशों ने अपने-अपने स्तर पर आतंकवादी संगठनों और उन्हें संरक्षण देने वाली ताकतों को लगातार मुंहतोड़ जवाब दिया है और यही वजह है कि पिछले कुछ सालों से आतंकवाद का जोर कुछ कम हुआ है। आतंकवादी छिपने पर मजबूर हुए हैं। हालांकि यहीं यह समझने की जरूरत है कि आइएसआइएस जैसे तमाम छोटे-बड़े संगठनों का आतंकवाद आज ऐसे स्वरूप में जटिल हो चुका है, जिसके निशाने पर कोई एक देश नहीं है और इसीलिए दुनिया के सभी देशों को इससे मोर्चा लेने के लिए एक ठोस पहल करने की जरूरत है। इससे निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक अभियान चलते रहे हैं, लेकिन जरूरत इस बात की है कि अब सभी देश एकजुट हों और एक बेहतर तालमेल के साथ ऐसा ढांचा खड़ा हो, जो हर मोर्चे पर आतंकवाद का सामना कर सके।

इस लिहाज से देखें तो भारत ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए काम करने का जो इरादा जताया है, वह वक्त का तकाजा है। कई बार बेहद अहम समस्याओं पर उठने वाली छिटपुट आवाजें दब कर रह जाती हैं, मगर उसी मसले पर संगठित प्रयास दूरगामी असर डालते हैं। भारत अपनी सीमाओं पर और आंतरिक क्षेत्रों में आतंकवादी संगठनों की व्यापक हिंसा का सामना करता रहा है। लेकिन सीमा पार स्थित ठिकानों से संचालित आतंकी गतिविधियों से निपटने में कई बाधा खड़ी हो जाती है। ऐसे में अब यह उम्मीद स्वाभाविक है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मासिक अध्यक्षता करते हुए भारत आतंकवाद के खात्मे के लिए ज्यादा सक्षम और संगठित तरीके से ठोस प्रयास कर सकेगा।

# असंतुलित होते नगर

**विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का शहरीकरण अघोषित और अस्त-व्यस्त है। प्रदूषित झीलें, नदियां, तालाब, ट्रैफिक जाम, बारिश में उफनते गंदे नाले, नगरों में बढ़ता वायु प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाएं, आवारा पशुओं की सड़कों पर भीड़ के कारण होने वाली दुर्घटनाएं, बिजली और पानी का संकट, यातायात के संसाधनों का बेतरतीब होना, नगरों में फैली गंदगी, गंदी बस्तियों का विस्तार आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो देश के शहरीकरण की वास्तविक स्थिति को बयान करते नजर आते हैं। शहरीकरण का नकारात्मक प्रभाव कहीं न कहीं विकास और निर्माण परियोजनाओं को संदेह के घेरे में लाता है। नगरीय स्वायत्तशासी संस्थाओं में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और शीर्षस्थ संस्था नगर निगम कहलाती है। सामान्यतः बड़े शहरों या महानगरों में नगर निगम की स्थापना की जाती है, ताकि बिजली, पानी, सड़क, यातायात, संचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल निकास व्यवस्था, नालियां, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तथा रखरखाव, पार्क, खेल के मैदान, पशुशाला निर्माण आदि कार्यों का सुचारु संचालन हो सके। वैश्वीकरण के बाद नगरीय विकास समावेशी विकास की एक आवश्यक शर्त बन कर उभरा है।**

**असंतुलित** और अनियोजित शहरी विकास ने देश के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न की हैं। मसलन, नगर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, क्योंकि हरित क्षेत्र को नगर के विकास के लिए समाप्त किया जा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन ने अनेक नगरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, खासकर समुद्र के किनारे बसे नगर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा वक्त में दुनिया की आधी आबादी शहरों में रह रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी और तब तक विश्व की आबादी का सत्तर फीसद हिस्सा शहरों में रह रहा होगा। एक दूसरी संस्था आक्सफोर्ड इकोनामिक के अध्ययन के मुताबिक 2019 से लेकर 2035 के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाले शीर्ष दस शहर भारत के होंगे।

देश के कई राज्यों में बढ़ती नगरीय जनसंख्या की समस्याओं का व्यवस्थित तरीके से प्रबंधन करने के उद्देश्य से नगर निगम संस्थानों को विभाजित करने का फैसला लिया गया। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर राजस्थान में भी कोटा, जोधपुर और जयपुर शहर के नगर निगमों को दो भागों में विभाजित किया गया था। ऐसा करने के पीछे नगरीय विकास विभाग का कहना था कि इन तीनों शहरों में जनसंख्या दस लाख से ज्यादा हो गई है। ऐसे में वार्ड बड़ा होने से पार्षद अपने क्षेत्र में विकास कार्य बेहतर तरीके से नहीं करवा सकते हैं। उदाहरण के लिए कोटा नगर निगम का विभाजन कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण के रूप में किया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह विभाजन विकेंद्रीकरण का एक स्पष्ट उदाहरण है, जिसका उद्देश्य कोटा के हर क्षेत्र में विकास का समान रूप से विस्तार करना है। तेज गति से बढ़ते हुए नगर का लाभ सभी को मिल सके और नगर में समन्वित विकास का माडल मूर्त रूप ले सके, इसके लिए यह विभाजन एक सकारात्मक कदम कहा जा सकता है। पर सवाल है कि क्या वास्तव में यह विभाजन संतुलित विकास कर पाया है, इसका विश्लेषण किया जाना आवश्यक है।

विकास में अगर निजी उद्देश्य (राजनीतिक या प्रशासनिक) शामिल हों जाते हैं, तो विकास का कोई भी माडल सकारात्मक परिणाम देने में सक्षम नहीं हो सकता। अनेक आरोपों-प्रत्यारोपों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कोटा की जो सूरत बदल रही है, वह आने वाले समय में कोटा को राजस्थान के एक खूबसूरत शहर के रूप में स्थापित करेगी। हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें कोटा दक्षिण 141वें और कोटा उत्तर 364वें पायदान पर रहा। इस असमानता और असंतुलित विकास को जन सहभागिता और जनचेतना के माध्यम से दूर किया जा सकता है। दोनों निगमों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों को समझ कर तथा जनता से संवाद करके विकास नीतियों को तय करना होगा। विकास तो हो रहा है, लेकिन अगर विकास का प्रारूप जनता से संवाद करके तय किया जाए कि वह किस तरह का विकास चाहती है, तो राज्य में जमीनी लोकतंत्र को वास्तविक रूप दिया जा सकता है। इसके लिए राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिबद्धता



और जन सहभागिता महत्त्वपूर्ण कदम कही जा सकती है। तब नगर निगम का यह विभाजन जन कल्याण और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। इसके साथ ही असंतुलित और अनियोजित शहरी विकास ने देश के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न की हैं। मसलन, नगर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, क्योंकि हरित क्षेत्र को नगर के विकास के लिए समाप्त किया जा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन ने अनेक नगरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, खासकर समुद्र के किनारे बसे नगर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं हैं। दूसरा, नगरों में कच्ची बस्तियां बड़ी संख्या में स्थापित हुई हैं, जहां रहने वाले लोग नगरीय जनसंख्या से संबंधित उच्च और मध्यवर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, पर खुद न केवल गरीबी के शिकार, बल्कि आवश्यक संरचनात्मक सुविधाओं से वंचित हैं। साथ ही तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास ने नगरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिए खतरा उत्पन्न किया है। तीसरा, सड़कों का निर्माण नगरीय क्षेत्र में भ्रष्टाचार का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष है। पहली बारिश के बाद ही नवनिर्मित सड़कें प्रशासनिक और राजनीतिक प्रबंधन की पोल खोल देती हैं। चौथा, अपराध की दृष्टि से भी नगर तुलनात्मक रूप से अधिक असुरक्षित हैं। लोगों के बीच किसी प्रकार के संवाद का भी अभाव देखा जाता है, इसलिए पड़ोस में क्या हो रहा है, लोगों को खबर भी नहीं होती। या कहें कि भावनाशून्यता, संवादहीनता और व्यक्तिवादिता की प्रवृत्ति नगरीय जीवन का अहम हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में सवाल है कि क्या स्मार्ट शहर अत्याधुनिक होंगे, जिनमें निम्न वर्ग या हाशिये के वर्ग का कोई स्थान नहीं होगा और केवल वही लोग निवास करेंगे, जिन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञता हासिल है? क्या ये शहर बहुमंजिला इमारतों के ऐसे जंगल होंगे, जिनमें व्यक्तिवादिता का मूल्य निवास करता है और आमने-सामने के संबंधों के स्थान पर मोबाइल और कम्प्यूटर वैचारिक आदान-प्रदान का केंद्र बनेंगे। ऐसा लगता है कि शहरों में केवल शक्तिशाली ही रह सकता है या फिर यों कहें कि शक्तिशाली बन कर ही रहा जा सकता है। इन तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद कहा जा सकता है कि यह आवश्यक नहीं कि जो शहर तकनीकी दृष्टि से उन्नत या अधिक विकसित हों, वे स्मार्ट सिटी भी हों? इसी तरह जो नागरिक आधुनिक तकनीक के ज्ञान से युक्त हों वे स्मार्ट नागरिक भी हों? नगरीय जनसंख्या में तीव्र गति से होने वाली वृद्धि यहां उपलब्ध संसाधनों पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न कर रही है।

## व्यापार समाचार

# सेंसेक्स 160 अंक बढ़कर 62570 पर बन्द

मुंबई।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 160 अंक लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच चुनिंदा बैंकों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 160 अंक की बढ़त के साथ 62,570.68 अंक पर बंद हुआ। शुरूआत गिरावट के साथ हुई लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और एक समय यह 62,633.56 अंक तक चला गया था।

सेंसेक्स के शेयरों में 13 लाभ में जबकि 17 नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 48.85 अंक की तेजी के साथ 18,609.35 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 नुकसान में रहे। सेंसेक्स शेयरों में एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एल एंड टी, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा मारुति



प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सन फार्मा सबसे अधिक 3.57 प्रतिशत नीचे आया। कंपनी के गुजरात स्थित हलोल कारखाने को अमेरिकी दवा एवं खाद्य प्रशासन (यूएसएफडीए) की तरफ से आयात सतर्कता सूची में डालने और अमेरिकी बाजार में इस संयंत्र से निर्यात पर पाबंदी से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में पावरग्रिड, टीसीएस, नेस्ले इंडिया, विप्रो, कोटक बैंक और बाजाज फाइनेंस शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका कारण आर्थिक नरमी और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में वृद्धि की आशंका से वैश्विक बाजारों में गिरावट है। मंदी की आशंका से आईटी और दवा कंपनियों के शेयरों पर असर पड़ा। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने बाजार को समर्थन देना जारी रखा।'' उन्होंने कहा, ''वैश्विक बाजार में यह उतार-चढ़ाव बना रह सकता है क्योंकि बाजार को अगले सप्ताह जारी होने वाली अमेरिका में फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति और मुद्रास्फीति के आंकड़े का इंतजार है।'' अमेरिका में बृहस्पतिवार को बेरोजगारी आंकड़ा जारी होने से पहले वैश्विक बाजारों मिला-जुला रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मजबूत रहा। यूरोप के बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, ब्रेंट क्रूड तेल 28 सेंट लाभ के साथ 77.45 पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने बुधवार को 1,241.87 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

# घट रही है महंगाई, ग्रामीण बाजार में बिक्री बढ़ेगी : पुरी

नई दिल्ली।

दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाइयों के लिये महंगाई का दबाव कुछ हद तक घट रहा है और ग्रामीण बाजारों में बिक्री में वृद्धि के संकेत हैं। विभिन्न कारोबार से जुड़ी कंपनी आईटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में कहा कि इस समय महंगाई है और इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक उपयोग के सामान (एफएमसीजी) की बिक्री की वृद्धि रुकी हुई है। उन्होंने कहा कि बिक्री में ज्यादातर वृद्धि मुद्रास्फीति के चलते है। खपत के रुझान के बारे में पूछने पर पुरी ने कहा, एफएमसीजी खंड



में, हम आमूलचूल बदलाव देख रहे हैं और साथ ही लोग बेहतर मूल्य चाहते हैं और कम कीमत को लेकर दबाव है। उन्होंने आगे कहा कि इस समय दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। गौरतलब है कि विकसित दुनिया में उच्च मुद्रास्फीति है।

# देश में एलपीजी कनेक्शन बढ़कर 32.5 करोड़ हुए : हरदीप पुरी

नई दिल्ली।

सरकार ने बृहस्पतिवार को बताया कि देश में इस वर्ष एलपीजी कनेक्शन की संख्या 32.5 करोड़ हो गई जो वर्ष 2014 में 14 करोड़ थी। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों में जागरूकता फैलाने एवं एलपीजी के उपयोग को बेहतर बनाने के लिये सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने देशभर में एलपीजी पंचायत, सोशल मीडिया पर अभियान एवं सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 में 14.2 किलोग्राम के सिलिंडर को साल में 12 बार भराने तक 200 रूपये की सब्सिडी दी गई। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत 2016 में की गई थी। पुरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि के बावजूद सरकार द्वारा उठाये गए कदमों से हम घरेलू गैस की कीमतों को नियंत्रित कर सके।

# ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने सकल राजस्व पर ही जीएसटी लगाने की मांग रखी

नई दिल्ली।


कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग उद्योग ने कहा है कि उसे जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन यह कर प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होने की प्रवेश राशि पर न लगाकर क्षेत्र के सकल राजस्व पर लगाया जाना चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े पक्षों का कहना है कि अगर प्रतिस्पर्द्धा प्रवेश राशि पर 28 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर लगाने का फैसला जीएसटी परिषद की बैठक में लिया जाता है तो 2.2 अरब डॉलर के आकार वाले इस उद्योग पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

ऐसी चर्चाएं हैं कि जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों की कुल राशि पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगाने पर विचार किया जाएगा। फिलहाल गेमिंग के सकल राजस्व पर कर लगता है और उसकी दर 18 प्रतिशत है।



जीजीआर वह शुल्क होता है जो कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग मंच अपने उपभोक्ता से सेवा शुल्क के रूप में वसूलता है। वहीं प्रतिस्पर्द्धा प्रवेश राशि (सीईए) गेमिंग मंच पर किसी प्रतिस्पर्द्धा का हिस्सा बनने के लिए दिया जाने वाला शुल्क होती है। गेम्स24×7 के सह- मुख्य कार्यपालक अधिकारी त्रिविक्रम थंपी ने कहा, एक उद्योग के तौर पर हम इस बात को लेकर एकजुट हैं कि जीएसटी को पहले की तरह सकल गेमिंग राजस्व पर ही लगाया जाना चाहिए, न कि प्रतिस्पर्द्धा प्रवेश राशि पर। सकल राजस्व पर दर को 28 प्रतिशत करने से ही सरकार को मिलने वाले कर राजस्व में करीब 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग उद्योग इस बोझ को तो सह लेगा लेकिन अगर प्रवेश राशि पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है तो बढ़े हुए कर बोझ को उपभोक्ताओं पर डालना पड़ेगा। इससे ग्राहक आधार खोने और गैर-कानूनी गेमिंग बाजार को बढ़ावा मिलने का खतरा पैदा होगा।




## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। ऑफिस के कामकाज के लिए बाहर जाना होगा। कार्यभार बढ़ेगा।

### वृषभ
पारिवारिक मामले में गहरी रुचि लेकर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। गृह सजावट का आयोजन करेंगे। माता के साथ अधिक निकटता अनुभव करेंगे। विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे।

### मिथुन
विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी, तीर्थ यात्रा होगी। आध्यात्मिकता में प्रगति कर सकेंगे।

### कर्क
संतान की प्रगति होगी। स्वास्थ्य का ख्याल रखें। स्वभाव की आक्रमकता के कारण आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। स्वास्थ्य अच्छा न हो, तो भी अभी कोई नई चिकित्सा पद्धति नहीं अपनानी चाहिए अथवा ऑपरेशन टालना चाहिए।

### सिंह
आत्म-सम्मान को ठेस न पहुंचे, उसका ध्यान रखें। वाणी पर संयम रखें, तो विवाद या मनमुटाव से बच सकेंगे। खर्च अधिक रहेगा। ऐसी परिस्थिति में भगवान का नाम स्मरण करने से आपके मन को शांति मिलेगी।

### कन्या
प्रेम और स्नेह की भावनाओं से अभिभूत हुआ मन आज किसी खास व्यक्ति की तरफ आकर्षित होगा। इसके लिए नई वस्तुओं की खरीदी, नए परिधान, आभूषण और वाहन की खरीदारी भी कर सकेंगे।

### तुला
व्यापार में भागीदारी से लाभ होगा। दांपत्यजीवन में खुशी छाएगी। विदेश व्यापार में लाभ हो सकेगा। उदासीनता और शंका आपको बेचैन करेंगे। अधिक परिश्रम करने पर भी निर्धारित फल नहीं मिलेगा।

### वृश्चिक
नौकरी के स्थान पर संभलकर चलना पड़ेगा। सहकर्मियों के पास से कम सहयोग मिलेगा। ननिहाल से कुछ चिंताजनक समाचार प्राप्त होंगे। विरोधियों के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

### धनु
अधिकारियों के साथ वाद-विवाद ना करें। आज आपको चिंता और भय परेशान करेगा। पेट सम्बंधी तकलीफ हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे। अचानक कोई बड़ा खर्च आने की आशंका बनी रहेगी।

### मकर
बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलना होगा। आप किसी के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। शेयर बाजार में निवेश से बचें। सतत विचारों के कारण आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी।

### कुंभ
घर में माता और स्त्रीवर्ग की चिंता हो सकती है। आज यात्रा करने से बचना आपके हित में रहेगा। भोजन और नींद समय से न मिलने से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। पैतृक संपत्ति के विषय में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ना चाहिए।

### मीन
आप काम में सफलता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि होने की संभावना है। शारीरिक, मानसिक ताजगी और आनंद का अनुभव होगा। आध्यात्मिक विषय में आप रुचि लेंगे। यात्रा की भी संभावना है।

## देशवाल ने जन आक्रोश रथ रेली को लेकर गांवो में किया दौरा

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** भाजपा नेता शिव देशवाल ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों, अपराध, भ्रष्टाचार व महिला एवं दलितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ डेगाना विधानसभा के आंतरोली, सारसन्डा, बंवरला, ईडवा, पालियास, नथावड़ा, मेवडा एवं पालड़ी आदि स्थानों पर यात्रा में सहभागी बनकर जनता के मुद्दों पर विचार प्रकट किए। इस दौरान कांग्रेस सरकार की आम जन विरोधी नीतियों के प्रति जनता को जागरूक किया व पत्रक बांटे, उपस्थित लोगों ने अपनी शिकायते लिखित मे लिखकर शिकायत पेटिका में डाली तथा यात्रा से जुड़ने के लिए दिए गए नंबर पर कॉल भी की। राजस्थान में बढ़ती अराजकता, खत्म होती कानून व्यवस्था से प्रदेश की जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक आक्रोश व्याप्त है, जनता जनार्दन का यह आक्रोश राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के अराजक मंसूबों को भस्म करके रहेगा। इस अवसर पर जिला संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ भाजपा शिव देशवाल, सुरेश मेवड़ा, गोपाल राव, डेगाना मंडल अध्यक्ष महेश दिवाकर, प्रकाश लाड़वा, मदन गोरा, सुशील टाडा, अमित ईडवा युवा मोर्चा, रामेश्वर लाल प्रजापति पूर्व संरपच, पंकज, रामनिवास छाबा, मंगला भूकर, रामनिवास नेतड़, कृपा शंकर तोषनीवाल, अमित कुरखुडिया, हरि राम मुवाल, देवकरण गढवाल, रामदेव राव, बजरंग वैष्णव, हाबु छाबा, जगदीश पुरी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक जन उपस्थित थे।

## जापान की अर्थव्यवस्था में जुलाई-सितंबर में गिरावट

तोक्यो।

जापान की अर्थव्यवस्था में जुलाई-सितंबर में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट आई है। हालांकि, देश में कोविड-19 के ताजा प्रकोप से जितना सोचा गया था, उससे कम नुकसान हुआ है। कैबिनेट कार्यालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि जुलाई-सितंबर में अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे पहले अर्थव्यवस्था में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# अनुकरणीय...कुमावत ने वृहद स्तर पर गौ सेवा, गौ विश्व कल्याण यज्ञ व पुस्तक विमोचन कर मनाया जन्म दिवस





### जिला परिषद् सदस्य एवं कुमावत विकास समिति के अध्यक्ष है बाबुलाल कुमावत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** सामान्यत: जनप्रतिनिधि जहां चकाचौंध के साथ अपना जन्म दिवस मनाते है वहीं जिला परिषद् सदस्य एवं कुमावत विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल कुमावत ने वृहद गौ सेवा, गौ विश्व कल्याण यज्ञ एवं पुस्तक विमोचन के साथ कुचामन गौशाला बीड़ में अपना जन्म दिवस मनाकर समाज में अनुकरणीय संदेश दिया। इस क्रम में कुमावत ने अपने जन्म दिवस की शुरुआत गौ पूजन से की। उन्होंने अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ प्रात: 9 बजे गौशाला बीड़ में गौ पूजन किया तथा गौ माता की आरती कर दिन की शुरुआत की। तत्पश्चात 101 पण्डितों ने समवेत स्वर में गौ विश्व कल्याण यज्ञ करवाया।

पण्डित छोटूलाल शर्मा के सानिध्य में सम्पन्न इस यज्ञ में विद्वत पण्डित समवेत स्वर में समवेत स्वर में वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए विश्व कल्याण की प्रार्थना कर रहे थे। यज्ञ में बाबुलाल के माता-पिता सोहनदेवी-गोमाराम बतौर मुख्य यजमान शामिल हुए वहीं अनुज धनेश कुमावत सहित हजारों की संख्या में शुभचिन्तकों ने आहूतियां देकर पुण्यार्जन किया। करीब पांच घण्टे यज्ञ के पश्चात गौ सवामणी का आयोजन किया गया, जिसमें गौ माता को लापसी परोसी गई। गौशाला की करीब 600 गायों को लापसी परोसने के पश्चात एक विशाल समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने कुमावत का माल्यार्पण कर एवं साफा बंधन कर एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नावां से आए उनके समर्थकों ने 51 किलोग्राम की माला पहनाकर अभिनन्दन किया। समारोह में बाबुलाल कुमावत द्वारा प्रकाशित एवं रक्षेन्द्र अशोक ओझा द्वारा लिखित पुस्तक 'सनातन पुनरोदय-2014 के पश्चात' का विमोचन किया गया।

**ये दिग्गज रहे मौजूद :** कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख श्रीकांत शर्मा, भाजपा के प्रभारी वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष गजेन्द्र ओडिण्ट, पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया, पूर्व विधायक हरीश कुमावत, विजयसिंह चौधरी, युवा नेता ज्ञानाराम, श्यामप्रतापसिंह रुवां, कुम्हारान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार फौजी, कुचामन विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश काबरा, नावां से प्रधान प्रतिनिधि राजेश गुर्जर, कार्यकारी अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता, पूर्व सरपंच भगवानसिंह रसाल, मनोहरसिंह रूपपुरा, विजयसिंह पलाड़ा, हेमसिंह मेड़तिया, दलपतसिंह गच्छीपुरा, ओमसिंह लिचाणां, मेघसिंह पलाड़ा, भूपेन्द्रसिंह पलाड़ा, पार्षद बाबुलाल कुमावत, चेतन गुर्जर, एडवोकेट सुरेन्द्रसिंह, सुरेश सिखवाल, सत्यनारायण कुमावत, ओमप्रकाश बारवाल, कमलकुमार पारीक, सुरेन्द्रसिंह दीपपुरा, विकास राजोरिया, सूरवीरसिंह पलाड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष गोरुराम कुमावत, मोहन कुमावत खारिया, रघुनाथ कुमावत, ओमप्रकाश जायलवाल, संतोष सिहोटा, संघ कार्यवाहक अशोक स्वामी, मनोज बागड़ा, प्रमोद शर्मा, नावां से सीताराम नागा, मदन, हेमाराम ठेकेदार, बाबुलाल पीपलोदा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**चहुंओर से हुई पुष्पवर्षा :** जैसे ही पुस्तक विमोचन हुआ, चहुंओर से पुष्पवर्षा होने लगी।

प्रकाशक बाबुलाल कुमावत एवं लेखक रक्षेन्द्र अशोक ओझा ने बताया कि इस पुस्तक में सनातन धर्म की विशेषताएं, समय-समय पर हमले तथा मोदी के सत्तासीन होने के बाद 2014 से पुनरोदय के बारे में विस्तृत मनोभाव समावेशित किए गए है। अंत में बाबुलाल कुमावत ने समागत अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर की जांच टीम पहुंची भकरी, हॉस्पिटल निर्माण कार्य सामग्री की जांच कर सेंपल किए एकत्र

### सब टेंडर व कमीशन के आरोप पर...सरपंच बोले करूंगा कानूनी कार्रवाई

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम भकरी में राज्य सरकार द्वारा सवा दो करोड़ की राशि से स्वीकृत हॉस्पिटल के निर्माण मे घटिया निर्माण सामग्री की जिला कलेक्टर को शिकायत के बाद जांच टीम कार्यस्थल पर पहुंची। टीम में उपखंड अधिकारी हनुमानाराम चौधरी, परबतसर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक जांगिड, एनआरएचएम के सहायक अभियंता गजसिंह थे।अधिकारियों ने ईट बजरी के सेंपल लिए और शिकायतकर्ता सरपंच अख्तर हुसैन द्वारा लैंडर मे सरिया नहीं डालने की शिकायत पर लैंडर तोड़कर देखा गया। तीन जगह तोड़ कर देखा गया इसके बाद हॉस्पिटल परिसर मे ही बन रहे सर्वेंट क्वार्टर निर्माण कार्य की भी पूरी जांच की गई। प्रोडक्शन मैनेजर मुकेश मालाकार ने बताया कि अधिकारियों ने एक एक निर्माण सामग्री की बारीकी से जांच की है। बता दे कि भारी सरपंच अख्तर हुसैन ने जिला कलेक्टर को शिकायत भेज कर हॉस्पिटल निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री लगाने की बात कही थी जिस पर टीम ने बुधवार को जांच शुरू कर दी।

**ये है मामला :** गांव में बन रहे राजकीय चिकित्सालय के भवन निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष नाराजगी जताई थी। इस दौरान ग्रामीणों की विधायक से तू-तू, मैं-मैं भी हो गई थी।

ग्राम सभा में निर्माण की निगरानी कमेटी का भी गठन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में 12/1 का मसाला चल रहा है एवं डीपीसी में सरिया नाममात्र का डाला हुआ है। वाईलेटर भी नहीं चलाया गया तथा तराई भी समय पर नहीं हो रही है। ईंटे भी इतनी कमजोर है कि एक बार टकराने पर भी टूट रही हैं। कच्चा पत्थर काम में लिया जा रहा है। बजरी को बिना छाने काम में लेकर हादसें को न्योता दिया जा रहा है। एस्टीमेट के विपरीत घटिया निर्माण हो रहा है। जिला कलेक्टर को शिकायत के बाद भी ठेकेदार द्वारा किए जा रहे कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**आरोप बेबुनियाद :** प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा सरपंच पर सब टेंडर व कमीशन मांगने के बाद मामला और गर्मा गया। सरपंच ने इस संबंध में ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेस वार्ता कर आरोपों को बेबुनियाद बताया। सरपंच ने बताया कि मैंने आज तक किसी भी ठेकेदार से बात नहीं की। झूठे आरोप लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

## रक्तदान शिविर में 124 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

### ऑल मुस्लिम चैरीटेबल सोसायटी द्वारा हुआ आयोजन

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )** : मेड़ता शहर ऑल मुस्लिम चैरिटेबल सोसायटी मेड़ता के तत्वावधान में रविवार को नगरपालिका सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ! इस रक्तदान शिविर में उपखंड अधिकारी पुरणकुमार सैन, गांधी दर्शन के जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा, पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अनिल थानवी, वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन जोशी, आयुक्त श्रवणराम चौधरी, सोसायटी संरक्षक हाजी सरदार खान जोया, अध्यक्ष बक़सू खान आदि ने रक्तदान शिविर का अवलोकन करते हुवे रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुवे पुनीत कार्ये के लिए सोसायटी की सराहना करते हुवे सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र वितरण किये ! ब्लड डोनेशन मोटीवेटर शौकत अली भाटी ने रक्तदान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुवे बताया कि यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए ऑल मुस्लिम चैरीटेबल सोसायटी की ओर से यह 25 वा रक्तदान शिविर है इस शिविर में प्रथम बार रक्तदान करने वाले युवाओं की संख्या 40 से अधिक थी वही महिलाओ व दंपतियों ने ओर 10 बार से अधिक रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा भाटी ने बताया कि जेएलएन अजमेर व उम्मेद अस्पताल जोधपुर की टीम ने रक्त संग्रह किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता कमल गोयल, ऑल मुस्लिम चेरिटेबल सोसायटी सचिव इंसाफ भाटी, नरेंद्र लाहोटी, पार्षद विजेश जांगिड़, सीपी बिड़ला, महेन्द्र भाकर, नगरपालिका के ब्रांड एंबेसडर विकास अजमेरा, दौलतराम गोदारा, पीसीसी सदस्य लालाराम नायक, आबिद अली चुड़िगर, अकील वारसी, मोनू खत्री, सलीम लोहार आदि ने शिविर में सराहनीय सेवाएं दी।

**इन रक्तदाताओं ने किया रक्तदान :** इस रक्तदान शिविर में रामरघुनाथ भादू, संगीता शर्मा, पार्षद दिलीप टाक, पार्षद अमजद खान, शिविर संयोजक शौकत अली भाटी, एडवोकेट रुस्तम बेहलिम, डॉ एम एन खत्री, अकरम जोया, अनिल माली, रामगोपाल जांगिड़, चंगेज खान, दाऊद अली, गुलशेर खान, गोपाल माली पुष्कर, एडवोकेट विमलेश व्यास , मोहम्मद आसिफ, शरीफ घोसी, जीशान क़ुरैशी, नयम छिम्पा, शैख़ रियाज, अब्दुल रशीद, हाजी रज्जाक रंगरेज, कबीर सिलावट आदि ने रक्तदान किया।

**भाटी ने 43वीं बार किया रक्तदान :** सोसायटी के संयोजक शौकत अली भाटी ने 43 वीं बार रक्तदान करते हुवे लोगो को जागृत किया तथा अपने जीवन में 50 बार रक्तदान करने का संकल्प लिया भाटी ने रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक करते हुवे करीब 15,000 यूनिट रक्त डोनेड करवा दिया। इन मौके पर रामसुख मुंसी, निजामुद्दीन घोसी, जमालुदीन, मोहम्मद आसिफ सिलावट, अजय जावा आदि मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर ने किया राजकीय उप जिला चिकित्सालय मकराना का औचक निरीक्षण

मोहम्मद शहजाद



**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** नागौर जिला कलेक्टर पियूष समारिया गुरुवार को मकराना दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने पंचायत समिति में स्थित वीसी कॉन्फ्रेंस रूम में पहुंचकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य तौर पर विद्युत समस्या एवं समाधान, नि:शुल्क यूनिफॉर्म वितरण, पेयजल से वंचित कनेक्शन, नरेगा में चल रहे विकास कार्यों सहित अन्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात राजकीय उप जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जहां दवाइयों का वितरण और स्टॉक, एक्स-रे कक्ष में एक्सरे मशीन तथा अन्य चिकित्सकीय उपकरण, डॉक्टरों द्वारा दिए जाने वाले उपचार, पोस्टमार्टम कक्ष, डॉक्टर कक्ष, जननी वार्ड, टीकाकरण, रोगी वार्ड सहित अन्य की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मकराना उपखंड अधिकारी जेपी बैरवा, सुरेश सिंह चारण सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति, त्रिपत राम मीणा एक्सईएन जलदाय विभाग, लोकेश सांखला एईएन जलदाय विभाग, भंवरलाल गोदावत एक्सईएन विद्युत विभाग, अब्दुल मजीद खिलजी, मोहम्मद आरिफ मंसूरी, डॉ. फहमीदा रांदड़, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा में देश की मजबूती के लिए राहुल के बढ़ते कदम



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** लाडनूं विधायक मुकेश भाकर के नेतृत्व में विधायक निवास पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कल 10 दिसम्बर को बूंदी से भारत जोड़ो यात्रा में लाडनूँ उपखंड से कार्यकर्ताओं के शामिल होने पर चर्चा की गई। इसके लिए विधायक भाकर ने खुद के लिए व देश को बचाने के लिए इस यात्रा से जुड़ने का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर पँचायत समिति सदस्य जयराम बुरड़क ने राहुल गांधी की इस ऐतिहासिक यात्रा में अपनी एकजुटता दिखाने की बात कही। पालिकाध्यक्ष रावत खान ने कहा कि इस यात्रा में देश की एकजुटता व साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने की दिशा में राहुल गांधी के कदम बढ़ रहे हैं हम सब को। इसमे सहयोग करना चाहिए। पार्षद विजय कुमार भोजक ने भी दांडी यात्रा के अपने अनुभव साझा किए।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान पीसीसी सदस्य शौकत खान, पीसीसी मेम्बर कैलाश निठारवाल, पँचायत समिति सदस्य खिंवाराम घिंटाला, पंस. सदस्य निर्मल प्रजापत, यज्ञदत्त दायमा, पार्षद नोशाद अली सिसोदिया, हाजी सत्तार खान, अयुब खान नेताजी, सरपँच हरदयाल रुलानियाँ, राजेंद्र भिड़ासरी, समाजसेवी सलीम नागौरी, सरपँच प्रतिनिधि चेलाराम, मुकेश कुमार, बजरंगलाल ठोलिया आदि अनेकों शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से लोग उपस्थित रहकर यात्रा में शामिल होने के लिए अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाया।

## विधानसभा चुनाव-2023 में नई पार्टी के साथ उतरेंगे : भँवरसिंह पलाड़ा

### अजमेर जिलाप्रमुख प्रतिनिधि पलाड़ा ने दिखाएं बगावती तेवर

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर जिले के एकदिवसीय दौरे पर आए अजमेर जिलाप्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा से निष्कासित चल रहे कदावर नेता भँवरसिंह पलाड़ा ने बगावती दिखाएं। उन्होंने नई पार्टी बनाने का एलान करते हुए वर्तमान राजनीति के गिरते स्तर को लेकर चिंता व्यक्त की। गत जिलाप्रमुख चुनावों में भाजपा से सिंबल नही मिलने पर जोड़-तोड़ करते हुए पलाड़ा ने अपनी पत्नी सुशील कंवर पलाड़ा को दूसरी बार अजमेर जिलाप्रमुख की कुर्सी पर बैठाकर भाजपा-कांग्रेस को मात दी थी। तब से भाजपा के साथ उनके बगावती तेवर दिख रहे हैं। एक सामाजिक कार्यक्रम में राजस्थान उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के साथ मंच साझा करते हुए उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में नई पार्टी बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हूँ, मगर स्वाभिमान को कभी आंच नही आने दी। पार्टियों में जूते उठाने एवं चमचागिरी का दौर आ गया है। लोग आपको डराएंगे, मगर जो हिम्मत करके सामना करेगा, लोग उससे डरेंगे। आगामी विधानसभा चुनावों में छत्तीस कौमों को साथ लेकर नई पार्टी खड़ी करेंगे। युवाओं, किसानों, दलित, वंचित एवं कमजोर तबकों के लोगों से रायशुमारी कर बड़ा राजनीतिक संगठन खड़ा किया जाएगा। अभी तक करीब 100 विधानसभा क्षेत्रों में जिताऊ प्रत्याशियों से बात हो चुकी हैं और उन्होंने साथ आने की सहमति दे दी है। जल्द ही पूरे 200 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की फौज तैयार की जाएगी तथा नई विचारधारा की मजबूती के लिए प्रयास किया जायेगा। इस दौरान जगह जगह उनका सर्व समाज के लोगों ने स्वागत किया।



**ये रहे मौजूद :** इस दौरान मोहब्बत सिंह गुढ़ा, कुलदीप सिंह गोल, जस्साराम गुर्जर, सरपंच रघुवीर सिंह गुढ़ा, रविन्द्र सिंह बनवाड़ा, सुरेश व्यास, आकाश दिवाकर, महेंद्र सिंह राठौड़, मूलाराम प्रजापत, हंसराज जाकेटिया, छोटूलाल सेन सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापक के निलंबन का शिक्षक संघ शेखावत ने किया विरोध

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर गौरव अग्रवाल के कुचामन दौरे के दौरान कुचामन ब्लॉक के रेगर बस्ती पॉचवा में स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम की विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करने के फलस्वरूप अनुशासनिक प्राधिकारी एवं संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) अजमेर संभाग अजमेर द्वारा निलंबन करने की कार्यवाही का राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने विरोध जताया है द्य संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष टोडाराम चौधरी व मंत्री मोहम्मद शकील ने बताया कि निदेशक महोदय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा एक मिनट अंग्रेजी में नहीं बोल पाने पर व प्रधानाध्यापक पर राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है जबकि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम में लगे शिक्षकों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा कर पदस्थापित किया गया है साथ ही प्रधानाध्यापक सामाजिक विज्ञान विषय के वरिष्ठ अध्यापक है।

# भाजपा के जन आक्रोश यात्रा का रथ पहुंचा गांव-गांव व ढाणी-ढाणी

## भाजपा के प्रवक्ताओं ने कहा, गहलोत सरकार सुशासन में विफल





### जनता आगामी चुनावों में गहलोत के जादू को करेगी फैल

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार व जंगलराज के खिलाफ भाजपा की ओर से जन आक्रोश यात्रा गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यक्रर्ताओं की मौजूदगी में निकाली जा रही है। नावां विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जन आक्रोश यात्रा आज ग्राम पंचायत टोडास, लालास, हुडील, खोरण्डी एवं घाटवा पहुँची। पंचायत मुख्यालय पर जन सभा का आयोजन हुवा। घाटवा की जन सभा मे आगंतुक अतिथियों का स्वागत घाटवा भाजपा इकाई के सात बूथ अध्यक्षों, भाजपा के निर्वाचित बारह वार्ड पंचों, ग्राम सेवा सहकारी समिति के निर्वाचित सदस्यों एवम शक्तिकेन्द्र प्रभारी ने किया। भाजपा कार्यालय के सामने आयोजित जन सभा में पूर्व विधायक हरिशचन्द्र कुमावत सहित भाजपा के प्रवक्तों ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए बताया कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने जनता को किसान कर्जा माफी झूठे वादों में लाकर सता हासिल करने व वादों के खिलाफ के चलते जन- जन में आक्रोश की भावना भर हुई हैं जो कि आगामी चुनावों में जनता कांग्रेस सरकार को सता से उखाड़ देगी। वहीं राजस्थान में आएं दिन निर्दोषों की हत्या होना साफ तौर पर नजर आता है कि गहलोत की सरकार पीछले चार वर्षों में केवल मुख्यमंत्री की कुर्सी का खेल खेला हैं। डीडवाना से भाजपा प्रत्यासी जितेंद्र सिंह जी जोधा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के लिए निकल पड़े हैं लेकिन उससे पहले आवश्यकता है टूटी हुई कांग्रेस को जोड़ने जोड़े।

**ये रहे मौजूद :** मनीष व्यास, कैलाश मेघवाल पूर्व प्रधान, यात्रा प्रभारी कौशल शर्मा, पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, देवीलाल दादरवाल सरपंच ग्राम पंचायत खारिया, बाबूलाल कुमावत पलाड़ा जिला परिषद सदस्य प्रमोद आर्य विधानसभा संयोजक ने संबोधित किया। जन सभा का संचालन भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रमेश पारीक एडवोकेट ने किया। प्रमोद आर्य यात्रा संयोजक, डॉ. रजनी गावड़िया, डॉ. बी.एल. गावड़िया, पूसाराम, कुमावत पंचायत समिति सदस्य, खेताराम सिसोदिया, उछब कंवर शेखावत, सुदामा शर्मा, बनवारी रायल, सुरेश, भगवान कादिया भाजपा चितावा मंडल अध्यक्ष, मोहनलाल कुमावत उप प्रधान, नारायण कुमावत भाजपा चितावा मंडल महामंत्री एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आज यात्रा गांधी ग्राम से शुरु :** शुक्रवार को जनाक्रोश यात्रा गांधी ग्राम से शुरू होगी। यात्रा के रथ में भाजपा के पदाधिकारियों सहित कई जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सुबह नो बजे शुरू होगा। जो कि दो दर्जन गांवों से होते शाम पांच बजे ग्राम चितावा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# नवजात के लिए जन्म का पहला मिनट महत्वपूर्ण

## राजकीय चिकित्सालय कुचामन में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स व नेशनल न्यू फॉर्म के तत्वाधान में नवजात शिशुओं की मृत्यु होने से बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रसव के बाद पहला मिनट नवजात के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, जिसे फर्स्ट गोल्डन मिनट कहा जाता है। इसी पहले मिनट में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को बेहद सावधानी बरतनी पड़ती है। यह जानकारी बुधवार को राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी के नेत्र चिकित्सालय के सभागार में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और नेशनल न्यू ने टोलौजी फॉर्म के तत्वावधान में नवजात शिशुओं को मृत्यु होने से बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रमुख डॉक्टर पहलाद राम बाजिया और निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर के निदेशक डॉ. अनुराग तोमर विशिष्ट अतिथि थे। सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एनके मोहनपुरिया मौजूद रहे। कार्यशाला के लोकल कोऑर्डिनेटर डॉ. इस्हाक़ देवड़ा ने बताया कि कई बार नवजात शिशु का शवसन प्रारंभ नहीं हो पाता अथवा ऑक्सीजन की कमी रह जाती है, जिसकी वजह से नवजात की मृत्यु हो जाती है या उसका मस्तिक प्रभावित हो जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सिखाया गया कि डिलीवरी होते ही नवजात को मां के सीने पर लेटाएं, अगर वह नहीं रोता है तो उसको तुरंत पीठ थपथपाई और उसके बाद अंबु बेग सही तरीके से चलाएं आवश्यक हो तो उसको रेडियन्ट वार्मर पर लिटाए है और ऑक्सीजन सप्लाई दें।

**ये दिग्गज चिकित्सक रहे मौजूद :** इस कार्यशाला में जयपुर के जेके लोन चिकित्सालय के एसोसिएट प्रोफेसर और स्टेट एकेडमिक कोऑर्डिनेटर डॉ रमेश चौधरी, किशनगढ़ के राजकीय यज्ञ नारायण चिकित्सालय के वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. परशाराम चौधरी, अजमेर के वात्सल्य शिशु हॉस्पिटल के डॉक्टर रोमेश कुमार, डॉ. सी.पी. नागोरा, कल्याण मेडिकल कॉलेज अस्पताल सीकर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर विवेक अथवानी ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। अंत में राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी की ओर से सभी प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए एवं समस्त प्रतिभागियों को इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### ये चिकित्सक रहे मौजूद

डॉ. हरीश ढाका, डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉक्टर हरेंद्र नेत्रा, डॉ. शिवपाल मुंड, डॉक्टर पिंकी चौधरी, डॉ. सत्यनारायण, डॉक्टर चंदा राम डॉ. प्रदीप चौहान, डॉ. रामलाल चौधरी, डॉ. इरफान कुरैशी, डॉक्टर दुर्गाराम व चिकित्सालय नर्सिंग अधीक्षक जाकिर हुसैन एवं समस्त नर्सिंग ऑफिसर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रेडियोग्राफर कृष्ण मुरारी ने किया।

# पँचायत समिति व जिला परिषद् सदस्यों ने की अपने अधिकारों की मांग

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति प्रधान हनुमाना राम कासनिया के नेतृत्व में जिला परिषद सदस्य व पंचायत समिति सदस्यों ने उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर अपने अधिकार दिलवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि सांसद, विधायक की तरह पंचायत समिति सदस्य के लिए 25 लाख रुपए प्रति वर्ष जिला परिषद सदस्यों के लिये 50 लाख रुपये क्षेत्रीय विकास हेतु कोटा तय किया जाए। वहीं पंचायत समिति सदस्य जिला परिषद सदस्यों की अनुशंसा पर स्वीकृत कार्यों की क्रियान्वित हेतु कार्यकारी एजेंसी निर्धारित करने का अधिकार भी संबंधित सदस्यों को दिया जाए। संबंधित ग्राम पंचायत की अनिवार्यता समाप्त की जाए क्योंकि पक्ष विपक्ष के विवाद से कार्य में रुकावट पैदा होती है। संबंधित कार्य क्षेत्र में वित्तीय स्वीकृति जारी करने में पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों की लिखित सहमति दिया जाना आवश्यक है। पंस. सदस्यों की मासिक सैलरी 10 हजार एवं जिला परिषद सदस्यों की 15 हजार मासिक सैलरी तय की जाए। जलग्रहण कमेटी में होने वाले कार्य में पंचायत समिति सदस्यों की भागीदारी अध्यक्ष सचिव के रूप में होनी चाहिए।

पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद के लिए क्षेत्रीय विकास कार्यो के निरीक्षण समस्याओं के निवारण के लिए प्रति माह दस दिन सरकारी वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

इस प्रकार 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर अधिकार दिलवाने की मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान प्रधान हनुमाना राम कासनिया, कृष्ण कुमार कासनिया, खिंवाराम घिंटाला, यज्ञदत्त दायमा, जयराम बुरड़क, श्रीराम खिचड़ व निर्मल प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# नगरपालिका में अपनी मनमानी सरकार नियम व कायदे कर रहे दरकिनार

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नगरपालिका में नियमों को दरकिनार कर यहां पर अपनी मनमानी सरकार चलाई जा रही है। यह आरोप पालिका के पार्षदों ने उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजकर लगाया है। इसके साथ ही पालिका में चल रही अनियमितता व मनमानी पर नकेल कसने की मांग की है। वार्ड मेम्बर अदरीश खान व पार्षद रुखसाना बानो ने नागौर जिला कलेक्टर सहित स्वायत्त शासन विभाग को ज्ञापन भेजकर बताया कि शहर में कचरा संग्रहण के लिये प्रत्येक वार्ड में ओटो टीपर की व्यवस्था की हुई है लेकिन वर्तमान समय में अनेकों वार्ड में कचरा संग्रहण करने वाले टेम्पो नहीं पहुँच रहे हैं। यहां तीन से चार दिनों तक मुहल्लेवासी ओटो टीपर के आने का इंतजार करते हैं। जबकि इनका बिल भुगतान पुरा उठाकर धांधली की जा रही है इस संबंध में पालिका को अनेकों बार अवगत करवाया गया मगर इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### पट्टों के लिए चक्कर काट रहे लोग

पार्षद अदरीश खान, पार्षद मुरलीधर सोनी व रुकसाना बानो आदि ने बताया कि नगरपालिका में सिर्फ रसूखदारों के पट्टे जारी कर थोथी मिडियाबाजी व दिखावा किया जा रहा है । यहां उनके वार्ड के अनेकों लोग पट्टों का आवेदन किये हुए दो महीने से अधिक का समय बीत गया मगर आवेदनकर्ता जब कार्यालय जाते है तो अक्सर उन्हें कर्मचारी नदारद मिलते हैं या मिलते भी हैं तो उनको पट्टे जारी करने के लिए बिचौलियों से मिलकर आना पड़ रहा है।

### व्यवसायिक एंव आवासीय निर्माण कार्यों में मिलीभगत

पार्षद अदरीश खान ने बताया कि पालिका की आय का मुख्य स्त्रोत यहाँ आवासीय एंव व्यवसायिक निर्माण की स्वीकृति से है मगर नगरपालिका अधिकारीयों व कर्मचारियों की शह से यहाँ वर्तमान में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर व्यवसायिक एंव आवसीय निर्माण नगरपालिका की बिना अनुमति धडल्ले से किये जा रहे हैं मगर उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही इससे पालिका की आय को भारी चूना लग रहा है इसके अलावा ऑटो टीपर के लिए स्टेडियम में रिपेयरिंग सेंटर खोलने, आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग करते हुए नागौर कलेक्टर से नगरपालिका का आकस्मिक निरिक्षण करने एंव यहाँ अव्यवस्थाओं को सुधार कर आमजन को राहत प्रदान करवाने की मांग की गई है ।

# एसडीएम सुखाड़िया ने की जनसुनवाई



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दूसरे गुरुवार को उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पंचायत समिति के वी सी कक्ष में उपखंड अधिकारी विनीत कुमार सुखाड़िया की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इस दौरान उपखंड अधिकारी विनित कुमार सुखाड़िया ने बताया कि इस उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं व परियोजनाओं के त्वरित एवं सुलभ समाधान के लिए उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में 14 परिवाद प्राप्त हुए ।

# शादियों में फिजूलखर्ची व समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता : खालिद

अली शेर खान



**शेरानी आबाद( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के मदीना मोहल्ला में मंगलवार रात को जलसे का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता आईक्यू ट्रस्ट के मुफ्ती खालिद अयूब मिस्बाही ने तकरीर करते हुए बताया कि इस्लाम सादा और पाकीजा मजहब है। इस्लाम में सादगी को ज्यादा अहमियत दी गई है। शादीयों में फिजूलखर्ची व समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने की आवश्यकता है।

शादी के कारण इंसान को एक ओर जहां मन की शांति प्राप्त होती है,वहीं पवित्र कुरआन के अनुसार उससे मालदारी में भी बढ़ोतरी होती है।यदि पति पत्नी एक दूसरे का भरपूर मान सम्मान रखते हुए हक अदा करते रहें तो उनके बीच संबंधों में कोई दरार नहीं पैदा होती।पैगंबरे इस्लाम सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने निकाह के बंधन को मज़बूत बनाने के लिए बहुत सारे उपाय बताए जैसे पत्नी के लिए प्रेम का कोई विशेष नाम रखना, घरेलू कामों में हाथ बढ़ाना,पत्नी के मायके वालों का ख्याल रखना, मानसिक रूप से पत्नी के व्यवहार को समझना और मनोवैज्ञानिक रूप से उसके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करना तथा पत्नी जिन चीजों से प्रसन्न होती है उनका विशेष ध्यान रखना आदि।जो लोग मनोवैज्ञानिक रुप से महिलाओं को ठीक से समझते और उनके साथ ठीक है व्यवहार करते हैं उनके घरों में कोई झगड़े नहीं पैदा होते। सास बहू का झगड़ा भी इसलिए उत्पन्न होता है कि कहीं ना कहीं पति पत्नी की मनोवैज्ञानिक जांच करने में असफल रहता है।हमें चाहिए कि हम एक दूसरे के साथ अच्छा मानव व्यवहार करने और दुख सुख का ख्याल रखने में कोई कमी ना बरतें। इस से पहले कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से मदीना मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद अख्तर ने की।

**ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद :** कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद कासिम खान, मोहम्मद यूसुफ शेरानी, हाफिज इरफ़ान खान आदि ने नातिया कलाम पेश किये। इस मौके पर मौलाना लुकमान हकीम ने मंच संचालन किया।इस दौरान हाफिज अजहरुद्दीन,मौलाना शौकत अली, मौलाना शाहिद रजा, मौलाना चांद मोहम्मद, फखरुद्दीन खान,हाजी बदरुद्दीन खान, शौकत अली खान, हाजी अहमद अली, खलील अहमद,लाल मोहम्मद,शहादत अली, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद यूनुस, समसुद्दीन, गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद रजा, अख्तर रजा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जांगिड़ बने पालड़ी जोधा ग्राम सहकारी समिति के अध्यक्ष



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** पालड़ी सहकारी समिति के चुनाव में ग्यारह निर्विरोध सदस्य चुने गए तथा अध्यक्ष पद के लिए भी रामनिवास जांगिड़ को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया और उपाध्यक्ष पद हेतु रामरतन लोमरोड़ को चुना गया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों ने जांगिड़ का माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया तथा निर्वाचन अधिकारी ने जांगिड़ को अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र दिया। प्रतिउत्तर जांगिड़ ने भी अपने पद का कर्तव्यनिष्ठता एवं ईमानदारी से पालन करने का ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया। इस अवसर पर सुमन देवी जॉंगिड़, महेंद्र भाकल, हरेंद्र चोटिया, सन्तोष गौड़, पप्पूराम खोजा, रामनिवास मेघवाल, जस्स सिंह, दिनेश रांकावत, सियाराम खोजा को सर्वसम्मति से सदस्य चुना गया। इस मौके पर सरपंच जगदीश खोजा, भंवरलाल जांगिड़ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सौर ऊर्जा उत्पादन में राजस्थान बना मॉडल स्टेट

जयपुर।

ग्रीन एनर्जी-क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में राजस्थान को अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य में सौर ऊर्जा नीति-2019 बनायी गई। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने एवं सौर ऊर्जा आधारित संयंत्रों को स्थापित करने की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिनके परिणाम स्वरूप वर्तमान में राजस्थान की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 16060 मेगावाट तक हो गयी है। सौर ऊर्जा उत्पादन के अनुकूल भौगोलिक परिस्थितियां होने के कारण सौर ऊर्जा नीति के तहत प्रदेश में सन् 2024 -25 तक 30 गीगावॉट सौर ऊर्जा क्षमता की परियोजना को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। उर्जा राज्य मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बताया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस पहल के कारण पूरे देश में राजस्थान एक मॉडल स्टेट बन चुका है।

# कांग्रेस के कुशासन को उखाड़ फैंकने हेतु 'जन आक्रोश यात्रा' को मिल रहा राजस्थान की जनता का अपार जनसमर्थन : धनंजय सिंह

हुक्माराम ताडा



**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रदेश की नकारा, असंवेदनशील, भ्रष्टाचारी और हर मोर्चे पर विफल सरकार के खिलाफ भाजपा की ओर से निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा जन-जन की आवाज बन रही है और यात्रा में जनता अपनी पीड़ा बताने के साथ ही कांग्रेस सरकार को विदाई की राह भी रही है यह कहना है भाजपा नेता धनंजय सिंह खींवसर का। खींवसर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को जन आक्रोश यात्रा ओलादन, दधवाड़ा, नोखा चांदावता, भाटियों की ढाणी, हरसोलाव क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान धनंजय सिंह खींवसर उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 4 सालों में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को पीछे धकेलने का काम किया है और यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो चुका है, बेरोजगार और किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, महिला अत्याचार में राजस्थान पहले नंबर पर है। सबसे महंगी बिजली और तेल राजस्थान में बिक रहा है। दलित अत्याचारों में निरंतर वृद्धि हुई है प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ चुका है। किसान वर्ग झूठे वादों के चलते कर्ज के बोझ तले आज भी दबा है। कर्जमाफी और बेरोजगारी भत्ता सिर्फ चुनावी ढकोसला साबित हुआ। युवाओं के साथ बेरोजगारी भत्ते और शिक्षा भर्ती के घोटालों के नाम पर जो धोखा किया गया है उसका युवा वोट के माध्यम से जबाव देने को तैयार बैठा है ऐसे में जनता कांग्रेस के कुशासन से पूरी तरह से त्रस्त है। धनंजय सिंह ने कहा कि जनता बेसब्री से विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। आपसी कलह और खींचतान के चलते कांग्रेस सरकार ने केवल भाजपा की योजनाओ का नाम बदलने के सिवाय कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जन आक्रोश यात्रा में जनता का आक्रोश बढ़ रहा है, उससे निश्चित है कि गुजरात की तरह इस बार राजस्थान में भी प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर चुनाव महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए जन आक्रोश यात्रा में राज्य सरकार की विफलताओं को जनता को बताने के साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं सक्रिय भागीदारी निभाएं और कांग्रेस को उखाड़ फेंकने के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें। उन्होंने कहा कि यदि हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ की जिम्मेदारी निभाएगा तो भाजपा को जीत से कोई नहीं रोक सकता है।

### वर्षों से विकास को तरस रहा है खींवसर विधानसभा

भाजपा नेता धनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि जहां पूरे प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त है तो वहीं खींवसर विधानसभा क्षेत्र भी कभी विकास मुख्य धारा में नहीं आ पाया है, विकास के मामले में काफी पिछड़ चुका खींवसर विधानसभा भी कमल खिलने के साथ विकास की मुख्य धारा में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि आज भी यहां की जनता पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। यहां के जनप्रतिनिधि की प्राथमिकता है विकास का विकास . खींवसर भेदभाव और जातिगत राजनीति की भेंट चढ़ चुका हैं, ऐसे में विकास की उम्मीद लगाना भी बेमानी है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा हर वर्ग और जाति को साथ लेकर चलती है सबका साथ सबका विकास ही भाजपा का धेय है और आने वाले चुनाव में खींवसर की जनता परिवर्तन कर खींवसर के विकास की नई शुरुआत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व में जनता का विश्वास आने वाले राजस्थान चुनावों में इतिहास रचेगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com